Title: Need to extend passenger train running between Jhansi and Banda to Manikpur Junction in Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा) : उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में प्रति मास अमावस्या तथा अन्य अनेक पवित्र अवसरों पर चित्रकूट के तीर्थयात्री भारी संख्या में ट्रेनों की छतों पर बैठकर यात्रा करते हैं। ट्रेनों की कमी के कारण यात्रियों को चोटें आती हैं, सामान नट होता है तथा अन्य कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही है कि इस समस्या का समाधान करने के लिए मध्य रेल झांसी-बांदा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 1523/ 1524 को बांदा से आगे बढ़ाकर प्रतिदिन मानिकपुर जंक्शन तक चलाया जाए। जिससे चित्रकूट-करवी के यात्रियों को राहत मिल जाएगी। यहट्रेन बांदा स्टेशन में छः-सात घंटे खड़ी रहती है और उसका कोई सदुपयोग नहीं हो पाता। परिचालन अवरोध बताकर विगत छः-सात वर्ाों से जनता की इस न्यायोचित मांग को नकारा जा रहा है। इससे जनता में रोा व असंतोा व्याप्त है।

अनुरोध है कि उक्त पैसेंजर ट्रेन को बढ़ाकर प्रतिदिन मानिकपुर रेलवे स्टेशन तक चलाने की व्यवस्था शीघ्र की जाए।